सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून दिनांक 27 जुलाई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन योजनाओं की जानकारी देते हुए राज्यपाल को राज्य में पंजीकृत होम स्टे की जानकारी, मानसखण्ड मंदिर माला मिशन, बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट स्पिरिचुअल टाउन विकसित किये जाने के कार्यों, विभिन्न स्थानों में रोपवे निर्माण योजना आदि की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग के अन्तर्गत सिंचाई योजनाओं, चैकडैमों के निर्माण आदि के बारे में अवगत कराया। इस दौरान वर्तमान में चल रही चारधाम यात्रा के बारे में भी जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में होम स्टे लोगों की आय का बहुत बड़ा जरीया बन सकता है। उन्होंने कहा कि होम स्टे की संख्या में ज्यादा से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ ही इसके अन्तर्गत ज्यादा होम स्टे पंजीकृत कर स्वरोजगार को बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। उत्तराखण्ड की सभ्यता, संस्कृति और इतिहास बेहद प्राचीन और खास है और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने देश–विदेश से लोग आते हैं। इन सभी का हमें लाभ लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां पर अनेक महापुरुषों ने भ्रमण किया है ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सकता है।

..........0..........